# श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय ने शनिवार को “ट्रंप टैरिफ एंड इट्स इंपैक्ट्स ऑन ग्लोबल वर्ल्ड” विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया

श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय ने शनिवार को ‘‘ट्रंप टैरिफ एंड इट्स इंपैक्ट्स ऑन ग्लोबल वर्ल्ड’’ विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया।

इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के केशव कॉलेज के अर्थशास्त्र के प्रो. विपिन नेगी ने छात्रों को ट्रंप की आयात कर नीति का दुनिया पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया।

इस विशेष व्याख्यान में प्रो.विपिन नेगी ने कहा कि टैरिफ वार में जहां अमेरिका और चीन खुलकर आमने-समाने हैं वहीं बाकी देश भी असमंजस में हैं कि क्या करें। भारत इस मसले पर द्विपक्षीय बातचीत के द्वारा रास्ता तलाशने के निरंतर प्रयास कर रहा है।

इस चुनौती का सामना गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ प्रोडक्शन की लागत कम करके करनी होगी। टैरिफ वार से डिमांड की भी कम होने की संभावना है। इस हिसाब से उत्पादन एवं नौकरियों पर भी असर देखा जा सकता है। हमें संकट में नए अवसर भी तलाशने होंगें।

इस मौके पर डीन. प्रो. प्रीति तिवारी ने कहा कि हम इस तरह के व्याख्यान आगे भी आयोजित करते रहेंगे। इससे छात्रों की समझ बढ़ती है उन्हें नए-नए विद्वानों के विचारों से अवगत होने का मौका मिलता है।

स्कूल ऑफ ह्युमैनिटीज एवं सोशल साइंसेज के अर्थशास्त्र, इतिहास, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन डॉ. अमर लता, डॉ. सुनील किस्तवाल, डॉ. अमरदीप चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रो. गीता रावत, डॉ. मनवीर सिंह नेगी, विशाल जोशी, डॉ. कल्पना,डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. कनिका रावत, डॉ. ब्रिजमोहन काति,डॉ. मोनिका अग्रवाल,डॉ. मोनिका शर्मा, मनोज जगूड़ी, भावना उपमन्यु आदि मौजूद रहे।

